Bareilly, Friday,
30 December 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

Page No : 04 MIDDLE

अभिमन्यु की वीरता का गवाह बना रिद्धिमा

नाटक चक्रव्यूह में कलाकारों ने किया भावुक अभिनय

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (29 Dec): एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में गुरुवार को रिद्धिमा प्रोडक्शन द्वारा अभिमन्यु की कहानी पर आधारित नाटक चक्रव्यूह का मंचन हुआ. महाकाव्य महाभारत के वीर योद्धा अभिमन्यु का यह नाटक अर्जुन और माता सुभद्रा से आरंभ होता है. चंद्रदेव और रोहिणी के नृत्य से जहां महर्षि गर्ग मुनि आ जाते है, लेकिन चंद्रदेव उन पर ध्यान नहीं देते हैं. नाराज गर्ग ऋषि उन्हें श्राप देते है कि पृथ्वी लोक पर तुम मनुष्य रूप में अर्जुन की पत्नी सुभद्रा के गर्भ से जन्म लोगे.

किया भावुक अभिनय

अभिमन्यु को वीर योद्धा बनाने के लिए अर्जुन और श्री कृष्ण प्रशिक्षण देते हैं. अभिमन्यु चक्रव्यूह भेदते हुए घुस जाता है और वीरता से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होता है.नाटक में अभिमन्यु का किरदार सान्वी ने निभाया. शैलेन्द्र शर्मा ने गर्ग ऋषि, मोहसिन ने अर्जुन की भूमिका निभाई. इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे.